पंजाब केसरी

17-08-2024

जी.एम.एन. कॉलेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने तिरंगा फहराया

अम्बाला, 16 अगस्त (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने तिरंगा फहराया। कॉलेज प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाने के लिए प्रेरित किया, ताकि लोकतांत्रिक राष्ट्र को उपलब्धियों की और भी ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके।

उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे जाति, लिंग, क्षेत्र और धर्म के पूर्वाग्रहों से परे एक जीवंत और समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान दें, चाहे वह किसी भी पैमाने का हो। इस अवसर पर छात्रों तथा एन.सी.सी. कैडेट्स ने रैगिंग के खिलाफ रहने की शपथ भी ली। इसकी अध्यक्षता डा. सीमा कंसल द्वारा की गई।

जी.एम.एन. कॉलेज में ध्वजारोहण करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)